अरविन्द कुमार
प्रमाणन प्राधिकारी नियंत्रक
Arvind Kumar
Controller of Certifying Authorities

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
Government of India
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
Ministry of Electronics & Information Technology
इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन / Electronics Niketan
6, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स / 6, C.G.O. Complex,
नई दिल्ली-110003 / New Delhi-110003
दूरभाष / Tel. : +91-11-24363073
फैक्स / Fax :+91-11-24365982
ई-मेल / E-mail : cca@cca.gov.in
वैबसाइट / Web. : www.cca.gov.in

D.O. No. 8(236)/2022/सी.सी.ए

Date 14 सितम्बर 2023

संदेश

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सब को मेरी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

किसी भी प्रभुता संपन्न राष्ट्र में जो महत्व राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रगान और राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न का है, वही महत्व राजभाषा का भी है। संविधान निर्माताओं द्वारा भारत के सबसे बड़े भू–भाग में बोली, लिखी और समझे जाने वाली हिंदी भाषा को 14 सितम्बर, 1949 को संघ की राजभाषा के रुप में स्वीकार किया गया। इसी दिन से हम प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को **"हिंदी दिवस"** के रुप में मनाते हैं।

हिंदी हमारे देश की राष्ट्रीय एकता और अस्मिता का सबसे शक्तिशाली और प्रभावशाली माध्यम है, जिसमें जनमानस की संवेदनाओं को अभिव्यक्त करने का सामर्थ्य है। सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रयोग पहले की तुलना में काफी बढ़ रहा है। फिर भी, हमें इसके उत्तरोत्तर प्रयोग को और अधिक बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहना होगा। इसके लिए आवश्यक है कि उच्च अधिकारी कार्यालय में हिंदी के प्रयोग के लिए उत्साहवर्धक एवं अनुकूल वातावरण बनाएं तथा सरकारी कार्यों में हिंदी में मूल रुप से कार्य करने को प्रोत्साहन दें। अधिकारी/कर्मचारी टिप्पणियां एवं मसौदे आदि मूल रुप से हिंदी में तैयार करें और हिंदी में पत्राचार को बढ़ाने का प्रयास करें। साथ ही हम अपने सरकारी कार्यों में सहज और सरल हिंदी के प्रयोग पर भी जोर दें।

राजभाषा नीति प्रेरणा, प्रोत्साहन और सदभावना पर आधारित है। आइए, **"हिंदी दिवस"** के इस पावन अवसर पर हम सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने का संकल्प लें।

अरविन्द कुमार

(अरविन्द कुमार)

Digital India
Power To Empower

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

ELECTRONICS INDIA
Billion Needs Million Chips